भारतीय प्रबन्ध संस्थान रायपुर
Indian Institute of Management Raipur

अटल नगर, पी.ओ. – कुरुं (अभनपुर)
रायपुर - 493 661, छत्तीसगढ़, भारत
Atal Nagar, P. O. - Kurru (Abhanpur)
Raipur – 493 661, Chhattisgarh, India
ई-मेल / E-mail : caooffice@iimraipur.ac.in
वेबसाइट / website : www.iimraipur.ac.in

गैर संकाय पदों पर नियुक्ति

विज्ञापन क्र. : भा.प्र.सं.रा./ भर्ती /गैर-संकाय/10 दिनांक : 01 जून 2019

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पदनाम	वेतनमान	नियुक्ति का प्रकार	पदों की संख्या एवं श्रेणी			
				अना	अपिव	अजा	अजजा
1.	सहायक प्रणाली प्रबंधक	लेवल - 8, रू.47,600 - 1,51,100 (प्रारंभिक वेतन : रू.47,600)	नियमित	01	-	-	-
2.	भंडार एवं क्रय अधिकारी (सीनियर ग्रेड)	लेवल - 8, रू.47,600 - 1,51,100 (प्रारंभिक वेतन : रू.47,600)	नियमित	01	-	-	-
3.	प्रोजेक्ट इंजीनियर एवं संपदा अधिकारी	पूर्व पद / वेतनमान के अनुरूप समेकित वेतन	संविदा	01	-	-	-
4.	निवासी चिकित्सा अधिकारी	रू.60,000 - 70,000 /-प्रति माह (कार्यानुभव के आधार पर) एवं एनपीए रू.5000/-	संविदा	01	-	-	-
5.	स्टाफ नर्स - महिला	रू.22,000 - 26,000 /- प्रति माह (कार्यानुभव के आधार पर)	संविदा	01	-	-	-

1. सहायक प्रणाली प्रबंधक: एक पद (नियमित)

शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से कम्पयुटर विज्ञान/आईटी/ कम्प्युटर एप्लिकेशन या समकक्ष में स्नातकोत्तर डिग्री में 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष ग्रेड ।

कार्यानुभव: कार्य-विवरण से संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए। 7 वर्ष में से 2 वर्ष का कार्यानुभव सरकारी/ पी.एस.यू./ स्वायत्त संस्थानों में होना चाहिए। उम्मीदवार को स्वचालित/ ईआरपी आधारित प्रणाली में काम करने की क्षमता होनी चाहिए।

अधिकतम आयु सीमा: 38 वर्ष।

वेतनमान: स्तर-8, ₹47,600 -1,51,100 (प्रारंभिक वेतन: ₹47,600)

कार्य-विवरण: निम्नलिखित आई.टी. एवं कंप्यूटर संबंधी सेवाएं प्रदान करने में सिस्टम मैनेजर की सहायता करना:

(क) आईटी सिस्टम, नेटवर्क तथा इंटरनेट सुरक्षा का निर्माण एवं प्रबंधन; प्रणाली विकास; डाटा भंडारण; नए सर्वर एवं आईटी तथा कंप्यूटर उपकरण का क्रय एवं कार्यान्वयन; संबंधित प्रलेखन एवं रिकॉर्ड रखना आदि |

(ख) पैच प्रबंधन सहित एंड-यूज़र सिस्टम को अपडेट तथा मॉनिटर करना; स्पायवेयर हटाना तथा परीक्षण करना; वायरस की जाँच करना; डाटा फ़ाइलों का बैकअप सुनिश्चित करना; उपयोगकर्ता प्रबंधन (सक्रिय निर्देशिका से उपयोगकर्ताओं को जोड़ना तथा हटाना आदि)।

(ग) एंड-यूजर्स को कंप्यूटर उपकरणों से संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करना; कंप्यूटर और बाह्य उपकरणों जैसे प्रिंटर, कॉपियर, फैक्स मशीन आदि का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना तथा नियमित रखरखाव पर निगरानी रखना|

(घ) एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस आउटलुक, एमएस पब्लिशर, एडोब एक्रोबैट आदि जैसे सामान्यत: उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर्स तथा अन्य आधारभूत कंप्यूटर कौशल पर उपयोगकर्ता को प्रशिक्षण प्रदान करना।

(ङ) विभिन्न ऑडियो-विजुअल टीचिंग एड्स एवं सम्मेलन / बैठकों आदि में उपयोग किए जाने वाले अन्य स्वचालित उपकरणों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना तथा मॉनिटर करना।

(च) अध्यक्ष (सीसी एवं आईटी) तथा सिस्टम मैनेजर द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

2. भंडार एवं क्रय अधिकारी (सीनियर ग्रेड): एक पद (नियमित)

शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री (प्रबंधन डिग्री को प्राथमिकता) अथवा बी.ई../बी.टेक./बी.कॉम सहित मटेरियल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा में 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष ग्रेड ।

कार्यानुभव: भंडार एवं क्रय क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए जिसमें से कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव Rs.4200/ - के ग्रेड वेतन में होना चाहिए। GFR 2017 में दिए गए निविदा / ई-टेंडरिंग प्रक्रिया, मोल-भाव, भंडार प्रक्रिया तथा GeM के माध्यम से क्रय प्रक्रिया का विस्तृत ज्ञान होना आवश्यक है। आईआईएम / आईआईटी / एनआईटी / केंद्रीय विश्वविद्यालयों/ प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यानुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

अधिकतम आयु सीमा: 38 वर्ष

वेतनमान: स्तर-8, ₹47,600 -1,51,100 (प्रारम्भिक वेतन: ₹47,600)

कार्य-विवरण : भंडार एवं क्रय प्रक्रिया को सुपरवाइज़ करना; इन्वेंटरी प्रबंधन; क्रय, आउटसोर्स सुविधा / सेवाओं तथा एएमसी के लिए GFR 2017 के अनुसार टेंडरिंग / ई-टेंडरिंग करना; GeM के माध्यम से क्रय; अप्रयुक्त/ अनुपयोगी वस्तुओं का निपटान करना आदि।

3. <u>प्रोजेक्ट इंजीनियर एवं संपदा अधिकारी : एक पद (संविदा)</u>

शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी./ बी.ई./ बी.टेक अथवा समकक्ष डिग्री में प्रथम श्रेणी । एम.टेक. (सिविल) होना वांछनीय है ।

कार्यानुभव:

क) सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए जिसमें से कम से कम 10 वर्ष का कार्यानुभव के.लो.नि.वि./ लो.नि/ वि. / सरकारी संगठन / अर्धसरकारी-संगठन / PSU / स्वायत्त निकाय / विश्वविद्यालय / प्रतिष्ठित संस्थान में प्रमुख सिविल परियोजनाओं को संभालने का कार्यानुभव होना चाहिए।

ख) उम्मीदवार 6600/ - के ग्रेड वेतन या समकक्ष पर कार्यरत या सेवानिवृत्त होना चाहिए।

वांछनीय योग्यता / कार्यानुभव: -

क) कंप्यूटर एडेड डिजाइन (CAD) तथा नवीनतम प्रबंधन प्रौद्योगिकी / अन्य संबंधित सॉफ्टवेयर का ज्ञान।

ख) प्रासंगिक परिमाण के प्रतिष्ठित संगठन में परियोजनाओं / कार्यों को संभालने का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड।

ग) सिविल इंजीनियरिंग, डिजाइनिंग एवं अनुमान, निर्माण प्रबंधन आदि से संबंधित बड़ी निर्माण परियोजनाओं को संभालने का कार्यानुभव|

अधिकतम आयु सीमा: 55 वर्ष

वेतन: पूर्व पद / वेतनमान के अनुरूप समेकित वेतन ।

संविदा की अवधि: तीन वर्ष।

कार्य-विवरण :

क) संस्थान के सभी दैनिक प्रशासन, पर्यवेक्षण (supervision) तथा सिविल एवं विद्युत कार्यों (निर्माण एवं रखरखाव) का निष्पादन। अनुमानों तथा निविदा की जांच करना तथा अनुमोदन कराना।

ख) विभिन्न सम्पदा संबंधित कार्यों के लिए प्रस्ताव पेश करना। परियोजना कार्य खातों के मानदंडों के अनुसार बिलों की जांच सहित ठेकेदारों और विक्रेताओं को भुगतान कराना।

ग) भविष्य में आधारभूत संरचना (infrastructure) के विकास से संबंधित नई परियोजनाओं की योजना बनाना, आयोजन और पर्यवेक्षण करना ।

घ) संस्थान में सभी रखरखाव और विकास कार्यों के लिए बजट अनुमान तैयार करना और संबंधित बजट अनुदान के अनुरूप रखरखाव/ परियोजनाओं का पूर्ण होना सुनिश्चित करना।

ङ) परियोजना निष्पादन में कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानदंडों और पद्धतियों को सुनिश्चित करना और उनका पालन कराना।

च) परियोजनाओं के लिए उचित गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना।

छ) परियोजनाओं के बजट का प्रबंधन करना तथा अनुमोदन के लिए उच्च प्रबंधन को प्रस्तुत करना।

ज) सभी ठेकेदारों / विक्रेताओं के साथ सहभागिता और उनके कार्य निष्पादन पर करीब से निगरानी रखना ।

झ) परिसर में भवनों के निर्माण, रखरखाव और मरम्मत की निगरानी रखना |

ञ) नियमित रूप से परिसर का पर्यवेक्षण तथा निगरानी करना|

ट) संस्थान और बाहरी प्राधिकारियों के बीच संपर्क|

4. निवासी चिकित्सा अधिकारी: एक पद (संविदा)

शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस डिग्री सहित एक वर्ष की इंटर्नशिप। भारतीय चिकित्सा परिषद /किसी राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र ।

कार्यानुभव: मान्यता प्राप्त अस्पतालों / स्वास्थ्य केंद्र में न्यूनतम 2 वर्ष का पोस्ट-इंटर्नशिप क्लिनिकल अनुभव होना चाहिए।

अधिकतम आयु सीमा: 55 वर्ष

वेतन:

(i) समेकित वेतन - 60,000 -70,000 / - प्रति माह (कार्यानुभव के अनुरूप)
(ii) गैर-अभ्यास भत्ता (एनपीए) - 5,000 / - प्रति माह
(iii) परिसर में असज्जित आवास

संविदा की अवधि: संविदा की अवधि दो साल होगी, जो कि आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकती है।

कार्य विवरण:

(क) संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और आउटसोर्स एजेंसियों के कर्मियों को चिकित्सा परामर्श और उपचार प्रदान करना।

(ख) संस्थान के कर्मचारियों और उनके आश्रितों द्वारा आपके साथ-साथ अन्य चिकित्सकों से लिए गए उपचार से संबंधित मेडिकल बिल प्रमाणित करना|

5. स्टाफ नर्स (महिला) - एक पद (संविदा)

शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से नर्सिंग में स्नातक डिग्री (बी.एस.सी. नर्सिंग) अथवा नर्सिंग डिप्लोमा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अथवा समकक्ष ग्रेड लगातार अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड सहित।

कार्यानुभव : मान्यता प्राप्त अस्पताल / स्वास्थ्य केंद्र / क्लिनिक में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्यानुभव।

वांछनीय योग्यता / कार्यानुभव:

- ओपीडी में डॉक्टरों की सहायता करने का कार्यानुभव
- एमएस ऑफिस और/ इंटरनेट का ज्ञान

अधिकतम आयु सीमाः 35 वर्ष

वेतन :

i समेतित वेतन : रू. 22,000 - 26,000 /- प्रति माह (कार्यानुभव के आधार पर)

ii परिसर में असज्जित आवास

अनुबंध की अवधिः अनुबंध की अवधि दो साल होगी, जो की चयनित उम्मीदवार की आवश्यकता और संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

कार्य विवरणः छात्रों के लिए प्राथमिक चिकित्सा, मेडिकल रिकॉर्ड, चिकित्सा उपकरण और फार्मेसी का रखरखाव ।

<u>सामान्य जानकारी / शर्तेः -</u>

1. आवेदन **21 जून 2019** को या उससे पहले केवल ऑनलाइन ही जमा किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट, सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ, ठीक उसी क्रम में जिस क्रम में ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं लगाकर निम्नलिखित पते पर केवल **पंजीकृत / स्पीड पोस्ट** के माध्यम से, एक मुहरबंद लिफाफे में भेजें । जिसके ऊपर <u>**"आईआईएम रायपुर में ....** (आवेदित पद का नाम) **पद के लिए आवेदन"**</u> अवश्य लिखें |

   मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
   भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर
   पो. ओ. : कुरूं (अभनपुर)
   अटल नगर, रायपुर - 493661
   छत्तीसगढ़।

   सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ ऑनलाइन आवेदन की **हार्ड कॉपी** प्राप्त करने की अंतिम तिथि **28 जून 2019** है।

   किसी भी डाक विलंब के लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा।

2. आवेदन करने से पहले उम्मीदवार प्रासंगिक पदों के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता और कार्यानुभव को ध्यान से पढ़ें |

3. उम्मीदवारों **(एससी / एसटी / दिव्यांगो (पीडब्ल्यूडी) के अलावा)** को आवेदन जमा करने के बाद, **रु. 500/- (रुपये पांच सौ मात्र)** आवेदन शुल्क का ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। भुगतान के रसीद की स्क्रीन शॉट की प्रतिलिपि ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ भेजनी होगी। शुल्क न मिलने की स्थिति में, आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

4. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए आवश्यक शुल्क के भुगतान के साथ, अलग-अलग आवेदन करना होगा |

5. भुगतान के बाद आवेदन शुल्क, किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।

6. भारत सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी।

7. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र/ विक्लांगता प्रमाणपत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

8. विज्ञापित पदों की प्रत्येक रिक्ति के लिए उल्लेखित श्रेणी के अनुसार चयन किया जाएगा। हालांकि, सब कुछ समान होने पर, आरक्षित उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।

9. आयु का निर्धारण करने के लिए कटऑफ तिथि **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** होगी।

10. सभी पदों के लिए कंप्यूटर एप्लिकेशन्स (एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण, इंटरनेट आदि) का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है।

11. सभी पदों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दक्षता आवश्यक है।

12. अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है। संस्थान चयन के समय विज्ञापित पदों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, संस्थान बिना कोई कारण बताए विज्ञापित किसी भी पद को ना भरने का अधिकार रखता है।

13. बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर चयन के पात्रता मानदंड बदलने / लागू करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

14. न्यूनतम योग्यता और कार्यानुभव पूरा करने मात्र से उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

15. संस्थान केवल चयनित उम्मीदवारों के साथ ही संवाद करेगा।

16. उम्मीदवारों से लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जाने के कारणों, संचालन और परिणाम के संबंध में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

17. किसी भी रूप में अनुयाचन करना अयोग्यता माना जाएगा।

18. सभी प्रमाणपत्र स्व-सत्यापन के बाद अपलोड किए जाने हैं | सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों (कार्यानुभव और शैक्षणिक दोनों) की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियों के बिना आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिया जाएगा।

19. चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी करने की तारीख से एक माह के भीतर पदभार ग्रहण करना होगा।

20. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी (आउट स्टेशन) उम्मीदवारों को सबसे छोटे मार्ग द्वारा यात्रा के स्थान से रायपुर तक एवं वापसी का यात्रा भत्ता, आने व जाने की वैध टिकट जमा करने पर, NEFT के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। यात्रा भत्ता (टीए) निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार भुगतान किया जाएगा: -

पद नाम	यात्रा भत्ता
सहायक प्रणाली प्रबंधक	रेल गाडी द्वारा ए.सी.3 टियर या यात्रा की श्रेणी, दोनों में से जो भी कम हो.
भंडार एवं क्रय अधिकारी (सीनियर ग्रेड)	रेल गाडी द्वारा ए.सी.3 टियर या यात्रा की श्रेणी, दोनों में से जो भी कम हो.
प्रोजेक्ट इंजीनियर एवं संपदा अधिकारी	रेल गाडी द्वारा ए.सी.2 टियर या यात्रा की श्रेणी, दोनों में से जो भी कम हो.
निवासी चिकित्सा अधिकारी	रेल गाडी द्वारा ए.सी.2 टियर या यात्रा की श्रेणी, दोनों में से जो भी कम हो.
स्टाफ नर्स - महिला	रेल गाडी द्वारा ए.सी.3 टियर या यात्रा की श्रेणी, दोनों में से जो भी कम हो.

21. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार के समय आमंत्रण पत्र के साथ सत्यापन के लिए प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां साथ लाना आवश्यक है।

22. अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

23. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार भा.प्र.सं. रायपुर परिसर में होगी जिसमें प्रश्न तकनीकी ज्ञान, सामान्य योग्यता और बुनियादी सरकारी प्रक्रियाओं और सेवा नियमों पर आधारित होंगे जो कि आवेदित पद के लिए प्रासंगिक हैं।

24. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार की तिथि वेबसाइट पर डाल दी जाएगी। उम्मीदवारों को किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट पर जाना होगा | विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

25. शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को केवल ईमेल के माध्यम से लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार की सूचना प्राप्त होगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ईमेल खातों को कॉन्फ़िगर कर के रखें ताकि लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार से सम्बंधित कोई भी सूचना ना छूटे |

26. चयन / भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी विवाद रायपुर, छत्तीसगढ़ के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के अधीन होगा।

27. सरकारी / अर्ध-सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में काम करने वाले उम्मीदवार आवेदन के साथ अपने नियोक्ता / विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत करें |

28. यदि आवेदन जमा करने के दौरान कोई समस्या आती है, तो कृपया 0771 - 2474609/ 2474651 पर संपर्क करें या staffrecruitment@iimraipur.ac.in पर ईमेल करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

भा. प्र. सं. रायपुर